पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

बाबा साहेब को राज्यपाल की भावभीनी श्रद्धांजलि

लखनऊः 06 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने बाबा साहेब डा0 बी0आर0 अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भारतरत्न बोधित्सव डा0 भीमराव अम्बेडकर महासभा द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा मंे बाबा साहब के अस्थि क्लश व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर डा0 सुकेश राजन को उद्यमिता विकास के लिये तथा सुश्री साक्षी विद्यार्थी को संघर्ष एवं बहादुरी के लिये 'डा0 अम्बेडकर रत्न सम्मान' देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'मैंने बाबा साहब को देखा भी सुना भी है। वे अपनी बात बड़ी बुद्धिमता से रखते थे। संविधान का निर्माण आसान नहीं था। बाबा साहब ने संविधान सभा में अलग-अलग विचार रखने वालों से समन्वय करके संविधान बनाया। बाबा साहब ने दलित एवं वंचित समाज को बहुत कुछ दिया लेकिन यह भी सच है कि उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो अभूतपूर्व है। राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहब ने देश के हर वर्ग को बहुत कुछ दिया है ऐसे महामानव को श्रद्धांजलि देना हम सबका कर्तव्य है।

श्री नाईक ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को संगठित रहने, शिक्षा ग्रहण करने व संघर्ष करने का जो संदेश दिया इससे समाज में परिवर्तन आया है। डा0 अम्बेडकर ने जो चैतन्य पैदा की वह मुश्किल काम था। वे देश के प्रति समर्पित, मेधावी एवं प्रखर विचारक के थे, जिन्होंने समाज को संगठित करके आगे लाने का काम किया।

राज्यपाल ने कहा कि डा0 अम्बेडकर ने संविधान में मताधिकार देकर जनतंत्र में समानता का अधिकार दिया। उनके प्रति उनके विचारों की पूजा सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सब देश को आगे ले जाने का योग्य तरीके से संकल्प लें और अगले साल यह मूल्यांकन करें कि संकल्प कितना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मुम्बई में चैतन्य भूमि जब से बनी है, हर साल जाकर बाबा साहब को अपनी श्रद्धांजलि देते आये हैं।

अम्बेडकर महासभा के अध्यक्ष, श्री लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि बाबा साहब का अस्थि क्लश उनकी पत्नी श्रीमती सविता अम्बेडकर ने दिया था तथा कार्यालय स्थित बौधि वृक्ष को पूर्व राष्ट्रपति स्व0 के0 आर0 नारायणन ने रोपित किया था।

कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर महासभा के तत्वावधान में
बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित
श्रद्धांजलि सभा
समय : 6 दिसम्बर 2014, प्रातः 09:00 बजे
अम्बेडकर महासभा परिसर, लखनऊ
भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर
द्वारा
"डा. अम्बेडकर रत्न
मा. डा. सुकेश राजन - उद्यमिता विकास सुश्री साक्षी विद्यार्थी -
तिथि एवं समय : 6 दिसम्बर 2014, अम्बेडकर महासभा

साहब डा. भीम राव अम्बेडकर महासभा के
अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित
जलि सभा
दिसम्बर 2014, प्रातः 09:00 बजे
महासभा परिसर, लखनऊ
भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा.
द्वारा
"डा. अम्बेडकर

डा. भीमराव अम्बेडकर
डा. सविता अम्बेडकर
14 अप्रैल 1991 को